विदेशी मिशनरियों द्वारा चलाई जा रही शैक्षिक तथा समाज कल्याण संस्थाएं

5028. **श्री राघव जी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में ऐसी कितनी शैक्षिक तथा समाज कल्याण संस्थाएं हैं जिन्हें विदेशी मिशनरियां चला रही ;

(ख) भारत सरकार ने इन संस्थाओं को विगत तीन वर्षों के दौरान वर्ष वार कितना अनुदान दिया ;

(ग) क्या यह अनिवार्य है कि भारत में ऐसी संस्थाएं खोलने से पूर्व विदेशी मिशनरी भारत सरकार से अनुमति लें ; और

(घ) क्या भारत सरकार उन संस्थाओं की गतिविधियों पर नजर रखती है ?

गृह मंत्री (श्री चरण सिंह): (क) और (ख). सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ;

(ग) और (घ). प्रश्न के भाग (क) और (ख) के बारे में सूचना एकत्र किए जाने पर उत्तर दे दिया जाएगा ।

Effect on agricultural production due to increase in cost of Power

5029. SHRI CHAUDHARY MOTI-BHAIR: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether the cost of power has gone up as a result of which agricultural production will be adversely affected; and

(b) if so, whether immediate action would be taken by Government to bring down the cost?

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI P. RAMACHANDRAN): (a) and (b). Under the Electricity (Supply) Act, 1948, State Electricity Boards are competent to formulate their tariffs for power supply. Generally agricultural tariff is lower than the rates for other consumers.

दूरदर्शन, दिल्ली के स्टूडियो में आग

5030. **श्री राम प्रसाद देशमुख :**
श्री नवाब सिंह चौहान :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री दूरदर्शन, दिल्ली के स्टूडियो में आग लग जाने के बारे में 22 जून, 1977 को अतारांकित प्रश्न संख्या 1302 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी ने उस दिन जिस दिन दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र में आग लगी थी अपने समाचार बुलेटिनों में यह घोषणा की थी कि आग तोड़-फोड़ के कारण लगी है;

(ख) क्या इसके पणिामस्वरूप दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और अन्य संगठनों के कुछ निर्दोष व्यक्तियों को सन्देह में गिरफ्तार कर लिया था ;

(ग) क्या दूरदर्शन केन्द्र के तत्कालीन अधिकारियों ने जान-बूझकर मामले को केन्द्रीय जांच ब्यूरो को नहीं सौंपा था ; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार अब इस मामले की जांच हेतु केन्द्रीय जांच ब्यूरो को सौंपने का है ताकि तथ्यों का पता लगाया जा सके ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवानी) : (क) आकाशवाणी की घोषणा में, और बातों के साथ साथ, यह कहा गया था कि पुलिस ने इस घटना में तोड़-फोड़ का शुबा किया था ।

(ख) जी, नहीं ।